***प्रेस नोट*** ***14/06/2026***

**मऊ पुलिस की 'संडे रिकवरी': ₹3.08 लाख के 16 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर स्वामियों को लौटाया उनका खोया हुआ कीमती मोबाइल और भरोसा"–**

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री कमलेश बहादुर, अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के निर्देशन में साइबर फ्रॉड रोकथाम व जागरूकता तथा गुम मोबाईल बरामदगी के तहत चलाए जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर श्री क्रिश राजपूत के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक प्रमेन्द्र कुमार सिंह कोतवाली नगर जनपद मऊ टीम द्वारा थाना स्थानीय भिन्न भिन्न दिनांक में CEIR पोर्टल शिकायतकर्ता अभिषेक साही, प्रशांत शुक्ला, मो0 रेहान, संजय मद्धेशिया, अरविंद कुमार रावत, सुरेन्द्र, नसीम अहमद अंसारी, मोहम्मद आसिफ, अल्तमश, रुस्तम अंसारी, अतुल कुमार, विजय भूषण मिश्रा, सुनील कुमार, दिलीप कुमार, नागेन्द्र चौरसिया, राम बचन गुप्ता के द्वारा मोबाइल गुमशुदगी दर्ज करायी गयी थी। शिकायत की जाँच के क्रम में गुम मोबाइलों को CEIR पोर्टल की मदद से ट्रेस कर बरामद किया गया। बरामद मोबाईल शिकायतकर्ताओं को सुपुर्द गिया गया।

बरामद मोबाइलों का विवरण–

1. अभिषेक शाही निवासी पिपरा मिश्रा बेदुपार जनपद कुशीनगर विवो वी2312 अनुमानित कीमत 18,999 रुपये।
2. प्रशांत शुक्ला निवासी अभिलाषा कॉलोनी रेडमी नोट 12प्रो अनुमानित कीमत 32,999 रुपये।
3. मो0 रेहान निवासी रघुनाथपुरा कोतवाली नगर जनपद मऊ सैमसंग गैलेक्सी ए32 अनुमानित कीमत 24,999 रुपये।
4. संजय मद्धेशिया निवासी हट्ठीमदारी थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ विवो वाई29 अनुमानित कीमत 18,999 रुपये।
5. अरविन्द कुमार रावत निवासी छोटी रस्तीपुर थाना सरायलखन्सी रियलमी सी67 5जी अनुमानित कीमत 17,999 रुपये।
6. सुरेन्द्र निवासी महरनिया थाना कोतवाली नगर ओपो ए58 अनुमानित कीमत 19,617 रुपये।
7. नसीम अहमद अंसारी निवासी जोगेश्वरी ईस्ट मुम्बई इनफिनिक्स हाट 12 प्ले अनुमानित कीमत 9,490 रुपये।
8. मो0 आसिफ निवासी लडनपुरा थाना कोपागंज मोटोरोला 50 फ्यूजन अनुमानित कीमत 25,999 रुपये।
9. अल्तमश निवासी मलिकताहिरपुरा थाना कोतवाली नगर रियलमी 8आई अनुमानित कीमत 15,999 रुपये।

10. रुस्तम अंसारी निवासी अमिरहा पलिया छपरा मऊ विवो टी2एक्स 5जी अनुमानित कीमत 17,999 रुपये ।
11. अतुल कुमार निवासी सलाहाबाद थाना सरायलखन्सी मऊ सी 35 अनुमानित कीमत 14,999 रुपये।
12. विजय भूषण मिश्रा निवासी गुरू गोविन्द नगर आजमगढ़ ओपो ए5एक्स अनुमानित कीमत 13,999 रुपये।
13. सुनील कुमार निवासी कमलपुर थाना मुहम्मदाबाद मऊ मोटोरोला 60 फ्यूजन अनुमानित कीमत 29,562 रुपये।
14. दिलीप कुमार गुलोरी निवासी रतनपुरा रियलमी नारजो एन53 अनुमानित कीमत 12,999 रुपये।
15. नागेन्द्र चौरसिया निवासी डीह राय बरेली रियलमी 9आई आरएमएक्स3491 अनुमानित कीमत 16,999 रुपये।
    रामबचन गुप्ता काली चौराल मुंशीपुरा थाना कोतवाली नगर सैमसंग एम30एस अनुमानित कीमत 16,999 रुपये।

मऊ पुलिस आमजन से अपील करती है किं मोबाइल फोन गुम होने की स्थिति में तत्काल CEIR पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराये अथवा साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर सम्पर्क करें जिससे त्वरित कार्यवाही कर गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी सुनिश्चित की जा सके

**थाना मधुबन पुलिस द्वारा दहेज हत्या मामले में वांछित 02 नफर अभियुक्तगण गिरफ्तार-**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अनूप कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी मधुबन के मार्गदर्शन में विशेष टीमों का गठन कर लगातार सुरागरसी पतारसी, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया।

दिनांक 13.06.2026 को प्रार्थी श्री जितेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 शिवबचन सिंह निवासी सोनाडीह थाना उभांव जनपद बलिया द्वारा अपनी पुत्री को उनके ससुराल वालों द्वारा दहेज हत्या करने के सम्बन्ध में लिखाये गये मु0अ0सं0 207/2026 धारा 115(2), 85, 80(2) BNS व 3/4 डीपी एक्ट थाना मधुबन जनपद मऊ से सम्बन्धित 1. अभियुक्ता प्रमिला सिंह पत्नी स्व0 ओमकार सिंह निवासी ग्राम मनपरवा मोलनापुर थाना मधुबन जनपद मऊ उम्र

करीब 50 वर्ष व 2. अभियुक्त अमित सिंह पुत्र स्व0 ओमकार सिंह निवासी ग्राम मनपरवा मोलनापुर थाना मधुबन जनपद मऊ उम्र करीब 30 वर्ष को आज सुबह 8.05 बजे मुखबीर की सूचना पर वांछित अभियुक्तगण उपरोक्त के घर ग्राम मनपरवा मोलनापुर दुबारी से गिरफ्तार कर नियमानुसार मा0 न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण–**

1. अभियुक्ता प्रमिला सिंह पत्नी स्व0 ओमकार सिंह निवासी ग्राम मनपरवा मोलनापुर थाना मधुबन जनपद मऊ उम्र करीब 50 वर्ष
2. अभियुक्त अमित सिंह पुत्र स्व0 ओमकार सिंह निवासी ग्राम मनपरवा मोलनापुर थाना मधुबन जनपद मऊ उम्र करीब 30 वर्ष

**गिरफ्तारी का दिनांक समय व स्थान –**

दिनांक – 14.06.2026, समय – 08:05 बजे ,स्थान – मनपरवा मोलनापुर दुबारी के पास से

**थाना मुहम्मदाबाद की साइबर टीम द्वारा साइबर ठगी के एक पीड़ित के खाते में 39998/- रुपये वापस कराया गया-**

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ के कुशल निर्देशन में साइबर फ्राड रोकथाम व जागरुकता के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबद व प्रभारी निरीक्षक के कुशल नेतृत्व में थाने पर साइबर टीम द्वारा थाना मधुबन साइबर पोर्टल आवेदक शंकर राम पुत्र गोविंद निवासी शेखवालिया थाना मुहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा यूपीआई के माध्यम से आवेदक से पैसे का फ्रॉड हो जाने के संबंध में। जिसके सम्बन्ध में आवेदक द्वारा समय रहते साइबर कम्प्लेन की शिकायत थाना मुहम्मदाबाद पर की गयी। उक्त शिकायत के आधार पर थाना मुहम्मदाबाद में नियुक्त साइबर टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये शंकर राम पुत्र गोविंद निवासी शेखवालिया थाना मुहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ के खाते से फ्राड हुई सम्पूर्ण धनराशि 39998/- रुपये वापस कराया गया।

**थाना कोतवाली नगर साइबर पुलिस टीम द्वारा फ्रॉड हुए 7750/- रुपये वापस कराया गया–**

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ के कुशल निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में साइबर फ्राड रोकथाम व जागरुकता के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद व प्रभारी निरीक्षक के कुशल

नेतृत्व में थाने पर साइबर टीम द्वारा थाना कोतवाली नगर साइबर पोर्टल संख्या मोहम्मद आमिर खान पुत्र शमीम अहमद निवासी कासिमपुरा जनपद मऊ ने अपने फोन पर मैसेज देखा कि खाते से 7750/- पैसे ट्रांसफर हो गये थे। जिसके सम्बन्ध में आवेदक द्वारा समय रहते साइबर कम्प्लेन की शिकायत की गयी ।जिसमें आवेदक की कुल धनराशि होल्ड थी। उक्त शिकायत के आधार पर थाना कोतवाली नगर में नियुक्त साइबर टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये पीड़ित के खाते से फ्राड हुई सम्पूर्ण धनराशि 7750/- रुपये वापस कराया गया।

**पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में आज दिनांक 14.06.2026 को जनपद मऊ के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनो व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया-**

इस अभियान के अंतर्गत 33 टीम गठित कर जनपद के 38 स्थानों पर बदल बदलकर लगभग सदिग्ध वाहनो/व्यक्तियो को चेक किया गया जिसमें यातायात के नियमों का पालन न करने पर 357 वाहनों को विभिन्न धाराओ में चालान एवं 03 वाहन को सीज किया गया साथ ही साथ अन्य लोगों को हिदायत भी दी गयी तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें एवं गलत स्थानो पर पार्किंग नही करे तथा सुरक्षित यातायात में सहयोग प्रदान करें।

**अंतर्जनपदीय वाराणसी जोन वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सम्पन्न, मिर्जापुर टीम बनी विजेता**

जनपद मऊ में आयोजित अंतर्जनपदीय वाराणसी जोन वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में वाराणसी जोन के विभिन्न जनपदों की टीमों ने प्रतिभाग करते हुए उत्कृष्ट खेल प्रतिभा एवं खेल भावना का प्रदर्शन किया।

फाइनल मुकाबला मिर्जापुर एवं मऊ की टीमों के मध्य खेला गया। मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया, किन्तु मिर्जापुर की टीम ने शुरू से ही अपना दबदबा बनाए रखा। कुल तीन राउंड के मुकाबले में मिर्जापुर टीम ने मऊ की टीम को लगातार दो सेटों में 25-17 एवं 25-22 के अंतर से पराजित कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। खिलाड़ियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन की दर्शकों ने सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आजमगढ़ परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री सुनील कुमार सिंह द्वारा विजेता मिर्जापुर टीम एवं उपविजेता मऊ टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना तथा शारीरिक एवं मानसिक विकास का महत्वपूर्ण साधन हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए खेलों में निरंतर सहभागिता बनाए रखने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक तथा अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। उपस्थित अधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु आयोजक मंडल की सराहना की।